भारत सरकार
वित्त मंत्रालय , राजस्व विभाग
केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी, पालसमुद्रम

विज्ञापन

सीमा शुल्क ब्रोकर्स परीक्षा, 2025 के लिए सूचना

अगस्त, 2024

1. सीमा शुल्क ब्रोकर्स लाइसेंसिंग रेग्युलेशन्स, 2018 (यथा संशोधित) के तहत सीमा शुल्क ब्रोकर के रूप में कार्य करने के लिए लाइसेंस जारी किए जाने हेतु ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रेग्युलेशन की प्रति www.cbic.gov.in और www.nacin.gov.in पर उपलब्ध है।

2. सभी आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में CBLMS पोर्टल (https://cblms.gov.in) द्वारा जमा किए जाने चाहिए। यदि आवेदक पहले से पंजीकृत नहीं है तो उन्हें CBLMS पोर्टल पर पंजीकरण कर लॉग इन करना होगा उसके बाद, आवेदकों को "F Category Exam & License" का आवेदन करना होगा। CBLMS पर पंजीकरण और "F Category Exam & License" आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत उपयोगकर्ता मैनुअल CBLMS पोर्टल पर "https://cblms.gov.in -> Knowledge Center -> Help Manual & FAQs" पृष्ठ पर **"User Manual for F Category Exam and License Application (Part-I)"** और **"User Manual for F Category Exam and License Application (Part-II)"** शीर्षकों के साथ उपलब्ध हैं।

3. आवेदक आवेदन भरते समय पॉलिसी अनुभाग को ध्यान से चुने। यह सुनिश्चित करे कि आवेदन पूर्ण जानकारी के साथ भरा गया हो , क्योंकि इसे केवल एक बार ही भरा जा सकता है। पूरा **"F Category Exam & License"** आवेदन 22.10.2024 से 21.11.2024 तक 2400 बजे तक भरा जाना चाहिए।

4. आवेदक को "F Category Exam & License" आवेदन पत्र में ऑनलाइन या फिर ऊपर पैरा 3 में बताए गए अनुसार पॉलिसी सेक्शन में मैनुअल चालान के माध्यम से ₹ 500/- (केवल पांच सौ रुपये) का शुल्क देना होगा और इस मैनुअल चालान की एक प्रति"F Category Exam & License" आवेदन में अपलोड करनी होगी। बिना शुल्क भुगतान के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. आवेदकों को, आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आवेदन में सभी विवरण पूर्णत: भरे गए हो । अपूर्ण भरे आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. यदि आवेदक आवेदन में कोई गलत विवरण प्रस्तुत करता है, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा, या लाइसेंस (यदि जारी किया गया है तो) रद्द कर दिया जाएगा।

7. CBLMS पोर्टल पर पंजीकरण या आवेदन भरने से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए, कृपया ऊपर पैरा 3 में उल्लिखित संबंधित पॉलिसी अनुभाग से संपर्क करें। सभी पॉलिसी अनुभागों का संपर्क विवरण CBLMS पोर्टल पर "https://cblms.gov.in -> CONTACT US " पृष्ठ पर उपलब्ध है।

8. परीक्षा का पाठ्यक्रम CBLR, 2018 रेग्युलेशन 6(7) के अनुसार होगा।

9. इस परीक्षा के लिए पात्र आवेदकों के नाम 08.12.2024 तक संबंधित आयुक्तालय के नोटिस बोर्ड और/या वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

10. रोल नंबर, प्रवेश पत्र और परीक्षा स्थल के संबंध में जानकारी CBIC और NACIN की वेबसाइटों पर आइकन/टैब <GSTP/CBLR Exam> के तहत उपलब्ध कराई जाएगी। उसमें प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक भी दिया जाएगा। पात्र आवेदकों को परीक्षा तिथि से 12 दिन पहले प्रवेश पत्र ईमेल द्वारा भी भेजे जाएंगे। लिखित परीक्षा मार्च 2025 में आयोजित की जाएगी।

11. अभ्यर्थी प्रश्न के उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में दे सकते हैं ।

12. सफल उम्मीदवारों को मौखिक परीक्षा के लिए सूचना अलग से भेजी जाएगी।

13. पात्रता और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न के लिए, कृपया वेबसाइट(www.cbic.gov.in और www.nacin.gov.in) पर उपलब्ध रेग्युलेशन देखें या निकटतम सीमा शुल्क आयुक्तालय से संपर्क करें। आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि से लेकर परीक्षा की तिथि तक एक हेल्पलाइन ई-मेल cblr-nacinpsm@gov.in की व्यवस्था है।

प्रधान महानिदेशक
नासिन, पालसमुद्रम

CBC 15502/11/0002/2425